हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 11 नवंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 इलाके भर में उत्साह व उमंग से मना रोशनी का पर्व दीपावली



09 श्रीकृष्ण गौशाला में हुआ गोवर्धन पूजन गौमाताओं की पूजा कर खिलाया...



खबर संक्षेप

आज मंडी में नीलामी का बदला रहेगा समय

विदिशा। कृषि उपज मंडी में आज मुहूर्त की खरीदी की जाएगी। इसलिए आज बुधवार को मंडी में नीलामी का समय परिवर्तित किया गया है। अनाज तिलहन व्यापार उत्थान कल्याण सिंघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने बताया कि सुबह 10:30 से 11 बजे तक हाथ ठेला एवं फुटकर नीलामी होगी। इसके बाद सुबह 11 से दोपहर 12:30 बजे तक गेहूं, दलहन, तिलहन एवं धान सहित सभी जिन्सों की ट्रॉलियों की नीलामी की जाएगी। दोपहर 12:30 से 2 बजे तक भोजन अवकाश रहेगा। इसके बाद नीलामी का समय पूर्व की भांति यथावत रहेगा। यह व्यवस्था केवल 11 नवंबर के लिए लागू रहेगी। दीपावली के बाद मंडी के व्यापारी हर साल मुहूर्त की खरीदी करते आ रहे हैं।

संत गाडगे बाबा की प्रतिमा स्थापना के लिए विधायक को सौंपा ज्ञापन



विदिशा। रजक मालवीय समाज के सदस्यों ने आज शिरोमणि संत गाडगे बाबा की प्रतिमा स्थापित करने और समाज के लिए धर्मशाला निर्माण कराने की मांग को लेकर विधायक मुकेश टंडन को ज्ञापन सौंपा। समाजजनों ने कहा कि संत गाडगे बाबा के विचारों और उनके सामाजिक योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उनकी प्रतिमा स्थापित की जाना आवश्यक है। साथ ही समाज की सामाजिक गतिविधियों के लिए धर्मशाला निर्माण की मांग भी रखी। इस दौरान जिला अध्यक्ष राजू मालवीय, सौरव मालवीय, उद्देश्य मालवीय, भोगचंद रजक, अशोक मालवीय, सुनील मालवीय, संजय मालवीय और ख्याली रजक सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

श्रीकृष्ण गौशाला में हुआ गोवर्धन पूजन



शमशाबाद। ग्राम पंचायत डंगरवाड़ा स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में गोवर्धन पर्व पर ग्रामीणों ने भगवान श्रीकृष्ण एवं गोवर्धन महाराज का विधि-विधान से पूजन किया। क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप माहेश्वरी और वरिष्ठ पत्रकार ईश्वरी भार्गव शामिल हुए। उन्होंने पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष कमलेश मेहर, पूर्व सरपंच दिलीप सिंह धाकड़, जुगल चौकसे, दीपक मेहर, पंचम सिंह किरार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजन के माध्यम से गौसेवा, संरक्षण और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।

एक बार समाज के लोग करा चुके थे समझौता, फिर उपजा विवाद

जमीन विवाद में युवक की मौत, परिजनों का आरोप: ट्रैक्टर से कुचलने की भी कोशिश की

ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मानोरा में जमीन विवाद ने खूनी रूप ले लिया। खेत में बोवनी के दौरान एक ही परिवार के लोगों के बीच हुए विवाद में 40 वर्षीय नीलेश रघुवंशी की मौत हो गई। परिजनों ने रिश्तेदारों पर मारपीट करने और ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

- घटना होने के बाद मामले की जांच में जुटी पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मानोरा में जमीन विवाद को लेकर एक ही परिवार के लोगों के बीच झगड़ा हो गया। खेत में हुए विवाद के दौरान 40 वर्षीय नीलेश रघुवंशी की मौत हो गई।

परिजनों ने रिश्तेदारों पर मारपीट करने और ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। घायल नीलेश को विदिशा मेडिकल कॉलेज लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों के अनुसार नीलेश अपने भतीजे हर्ष के साथ खेत में बोवनी का काम कर रहा था। इसी दौरान परिवार के ही कुछ लोग दो ट्रैक्टर लेकर खेत पर पहुंचे। यहां जमीन को लेकर विवाद शुरू हो गया। हर्ष ने बताया कि विवाद के बाद आरोपी ट्रैक्टर लेकर वहां से जाने लगे। इसी दौरान उन्होंने उसके बड़े पिता खेलन सिंह की ओर ट्रैक्टर बढ़ा दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। परिजनों का आरोप है कि आरोपियों ने नीलेश की ओर भी ट्रैक्टर बढ़ाकर उन्हें कुचलने की कोशिश की, लेकिन सामने दूसरा ट्रैक्टर आ जाने से वे रुक गए।



विदिशा। घटना के बाद पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

बड़े पापा को भी ट्रैक्टर से टक्कर मारने का आरोप

हर्ष ने बताया कि विवाद के बाद आरोपी ट्रैक्टर लेकर वहां से जाने लगे। इसी दौरान उन्होंने उसके बड़े पिता खेलन सिंह की ओर ट्रैक्टर बढ़ा दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। परिजनों का आरोप है कि आरोपियों ने नीलेश की ओर भी ट्रैक्टर बढ़ाकर उन्हें कुचलने की कोशिश की, लेकिन सामने दूसरा ट्रैक्टर आ जाने से वे रुक गए।

परिवार के ही कुछ लोग दो ट्रैक्टर लेकर खेत पर पहुंचे। यहां जमीन को लेकर विवाद शुरू हो गया। हर्ष का आरोप है कि इस दौरान रिश्तेदारों ने उसके चाचा नीलेश के साथ मारपीट की।

पिछले साल ऐसा ही विवाद हुआ था

घटना के बाद नीलेश को गंभीर हालत में विदिशा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि जमीन को लेकर पिछले साल भी परिवार के बीच विवाद हुआ था। उस समय समाज के लोगों ने हस्तक्षेप कर समझौता कराया था। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि ग्यारसपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। दोनों पक्षों के बीच जमीन विवाद की भी जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तीन मामलों में फरार आरोपियों पर 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित

विदिशा। एसपी रोहित काशवानी ने तीन अलग-अलग मामलों में फरार नौ आरोपियों की गिरफ्तारी में मदद करने वालों को नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना कोतवाली में दर्ज तीन मामलों में फरार आरोपी जो सभी राजस्थान के झालावाड़ निवासी हैं। आरोपी बृजमोहन तंवर उर्फ मम्मा, श्रीराम तंवर, राकेश तंवर, रामचंद्र तंवर, ओमप्रकाश तंवर, भरत भोई, गणपत, अशोक विश्नोई, लाईराम विश्नोई निवासी राजस्थान प्रत्येक आरोपी की सूचना देने वाले को 5 हजार इनाम देने की घोषणा की है।

लटेरी में 20 को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

विदिशा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 नवंबर को जनपद पंचायत लटेरी में आयोजित होगा। सम्मेलन में 11 से 200 जोड़ों के विवाह की व्यवस्था रहेगी। इसमें शामिल होने के इच्छुक पात्र वर-वधू 18 नवंबर तक आवेदन कर सकेंगे। सभी नगरीय निकायों और जनपद पंचायतों को प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर वर-वधू की पात्रता जांची जाएगी। साथ ही समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी और कन्या व उसके परिवार का बीपीएल पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाएगा।

देशी शराब की पेटियों से भरी 12 लाख की कार जब्त, एक आरोपी धराया

कुरवाई में मेहलुआ चौराहे पर पुलिस ने की कार्रवाई



विदिशा। अवैध शराब की तस्करी करने वाले युवक की उम्र मेहज 18 साल है।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कुरवाई पुलिस ने मेहलुआ चौराहे पर घेराबंदी कर एक कार से 9 पेटी अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने मौके से 18 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया। जब्त शराब की मात्रा 81 लीटर है। पुलिस ने शराब और परिवहन में इस्तेमाल कार को भी जब्त किया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि कार क्रमांक जीजे 01 केएम 0064 में अवैध शराब भरकर मेहलुआ चौराहे के रास्ते विदिशा की ओर ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने चौराहे के पास घेराबंदी की। कुछ देर बाद संदिग्ध कार आती दिखाई दी, जिसे रोककर तलाशी ली गई। कार से 9 पेटी लाल मदिरा बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोहित कुशवाह उम्र 18 निवासी ग्राम किरोंदा थाना नटेरन के रूप में हुई है। जब्त शराब की कीमत 50 हजार और कार की कीमत 12 लाख रुपए है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी आरके मिश्रा सहित कुरवाई थाने के पुलिस बल की भूमिका रही।

जिले में 50 हजार के पार पहुंचीं स्वामित्व रजिस्ट्रियां, एक दिन में 808 का इजाफा

सिरोंज तहसील 8865 रजिस्ट्रियां पूर्ण कर पहले स्थान पर पहुंची

बासौदा में एक दिन में सबसे ज्यादा 181 रजिस्ट्रियां हुईं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा जिले में ग्रामीणों को उनकी आवासीय संपत्तियों का वैधानिक मालिकाना हक दिलाने के लिए संचालित स्वामित्व योजना के तहत अब तक 50 हजार 685 रजिस्ट्रियां पूरी हो चुकी हैं। 8 नवंबर की रिपोर्ट के अनुसार एक दिन में 808 रजिस्ट्रियों की प्रगति दर्ज की गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग द्वारा रजिस्ट्रीकरण का काम तेजी से किया जा रहा है।

तहसीलवार प्रगति में सिरोंज 8 हजार 865 रजिस्ट्रियों के साथ जिले में पहले स्थान पर है। विदिशा में 7 हजार 248, कुरवाई में 5 हजार 685, बासौदा में 5 हजार 373, नटेरन में 4 हजार 152, शमशाबाद में 3 हजार 771, त्योंदा में 3 हजार 329, गुलाबगंज में 3 हजार 244, ग्यारसपुर में 2 हजार 875, लटेरी में 2 हजार 846, पठारी में 1 हजार 788 और विदिशा नगर में 1 हजार 509 रजिस्ट्रियां पूरी हो चुकी हैं। एक दिन की प्रगति में बासौदा 181 रजिस्ट्रियों के साथ सबसे आगे रहा। इसके अलावा त्योंदा में 112, शमशाबाद में 108, नटेरन में 99 और गुलाबगंज में 90 रजिस्ट्रियां हुईं।

योजना के तहत जिले में कुल 1 लाख 33 हजार 899 प्लॉट और 1 लाख 72 हजार 918 हितग्राही दर्ज हैं। स्वामित्व दस्तावेज मिलने से ग्रामीणों को संपत्ति का कानूनी अधिकार मिलेगा। साथ ही संपत्ति संबंधी विवाद कम होने और बैंक ऋण जैसी सुविधाओं का लाभ लेने के रास्ते भी खुलेंगे।

मणप्पुरम बैंक से 17 लाख के जेवर चोरी, पूर्व कर्मचारी गिरफ्तार

विदिशा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित मणप्पुरम गोल्ड लोन बैंक में हितग्राही के सोने के जेवर चोरी होने का मामला सामने आया था। चोरी हुए जेवरों की कीमत करीब 17 लाख रुपए बताई गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान की। एएसपी मोनिका तिवारी ने कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि जांच में सामने आया कि चोरी की वारदात को बैंक में काम कर चुका कर्मचारी राजेश साहू ने अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 17 लाख रुपए कीमत के सोने के जेवर बरामद कर लिए।

गायों की सार में छिपाया रखा था 52 लाख का गांजा, 104 किलो के साथ युवक धराया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

ब्योंची गांव में पुलिस ने 52 लाख रुपए का 104 किलो गांजा जब्त किया है। मौके से 26 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है।

करारिया चौराह थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ब्योंची गांव में एक व्यक्ति ने अपने घर के सामने बनी सार में गांजा छिपाकर रखा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दी। सार से 104.14 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी की पहचान ब्योंची गांव निवासी जितेंद्र पुत्र हल्के उर्फ भारत सिंह मीणा (26) के रूप में की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



गांजे के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क की जांच

पुलिस अब पता लगा रही है कि गांजा कहां से लाया गया था और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। आरोपी से पूछताछ कर गांजे के स्रोत और तस्करी के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। यह कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर की गई। एएसपी अधीक्षक मोनिका तिवारी और सीएसपी सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सीमा राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की।

फसलों की बोवनी में डीएपी के विकल्प अपनाएं किसान

नैनो डीएपी व टीएसपी से पूरी होगी जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रबी फसलों की बुवाई के दौरान किसानों को डीएपी की उपलब्धता पर निर्भर रहने के बजाय इसके विकल्पों का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है।

इफको के रीजनल अधिकारी कुमार मनेन्द्र के अनुसार किसान नैनो डीएपी से बीज उपचार और टीएसपी के साथ यूरिया का उपयोग कर फसलों की पोषण संबंधी जरूरतें पूरी कर सकते हैं। गेहूं के बीज के लिए प्रति किलो 5 से 10 मिली और दलहनी व तिलहनी फसलों के लिए 5 मिली नैनो डीएपी से उपचार किया जा सकता है। इससे पौधों की शुरुआती वृद्धि में मदद मिलती है। डीएपी के विकल्प के रूप में 50 किलो टीएसपी के साथ 20 किलो यूरिया का उपयोग किया जा सकता है। टीएसपी से फॉस्फोरस और यूरिया से नाइट्रोजन की पूर्ति होती है। मिट्टी परीक्षण और कृषि विशेषज्ञों की सलाह के आधार पर उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने की अपील की है। साथ ही बीजों को फफूंदजनित रोगों से बचाने के लिए अनुशंसित फफूंदनाशक से उपचार करने की सलाह दी है।

एक सप्ताह से ठप 108 एंबुलेंस सेवा, मरीजों को निजी वाहनों से लेकर आ रहे परिजन

ग्यारसपुर, हैदरगढ़, गुलाबगंज, त्योंदा में नहीं मिल रही आपातकालीन सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

क्षेत्र में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है।

ग्यारसपुर, हैदरगढ़, गुलाबगंज और त्योंदा थाना क्षेत्रों में संचालित होने वाली 108 एंबुलेंस सेवा पिछले करीब एक सप्ताह से बंद होने की जानकारी सामने आई है। एंबुलेंस सेवा ठप होने से दुर्घटना में घायल लोगों और गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आपात स्थिति में मरीजों के परिजनों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है गांवों में अचानक स्वास्थ्य संबंधी परेशानी या दुर्घटना होने पर 108 एंबुलेंस की सबसे अधिक जरूरत होती है, लेकिन फोन लगाने के बावजूद समय पर वाहन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ऐसे में गरीब परिवारों को अपने खर्च पर मरीजों को अस्पताल पहुंचाना पड़ रहा है।

हाईवे होने के कारण आए दिन होते हैं हादसे

ग्यारसपुर क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-146 पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार दिलाने और अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की उपलब्धता बेहद जरूरी है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से ग्यारसपुर सहित हैदरगढ़, गुलाबगंज और त्योंदा क्षेत्रों में 108 एंबुलेंस सेवा तत्काल बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रत्येक क्षेत्र में पर्याप्त एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाएं, ताकि दुर्घटना में घायलों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।

सहयोग सेल में विधायक ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं, विभागों को दिए निराकरण के निर्देश

भूमि, बिजली, पानी और सामुदायिक भवन जैसे मुद्दे लेकर पहुंचे लोग

विदिशा। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित सहयोग सेल के माध्यम से विधायक मुकेश टंडन ने नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। इस दौरान भूमि, बिजली, पानी, सामुदायिक भवन और मुक्तिधाम में सुविधाएं बढ़ाने सहित विभिन्न विषयों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में जिला भाजपा संगठन की ओर से डॉ. राहुल जैन मौजूद रहे। इस दौरान प्रशांत खत्री, डॉ. एमके सोनी, अमित श्रीवास्तव, मयंक तिवारी, सुनील साहू सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन

संतों पर टिप्पणी करने वालों पर कार्रवाई की मांग

अभिव्यक्ति के नाम पर भावनाएं आहत करना गलत।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सनातन धर्म एवं साधु-संतों के सम्मान की रक्षा की मांग को लेकर सिद्ध श्री सियाराम सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम संबोधित था। इसमें बागेश्वर धाम सरकार के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सहित अन्य साधु-संतों के विरुद्ध की जा रही कथित अनर्गल और आपत्तिजनक टिप्पणियों पर विरोध जताया गया।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि संतों और धार्मिक विभूतियों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले व्यक्तियों पर शीघ्र कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए भी उचित कदम उठाए जाएं। समिति के सदस्यों का कहना था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने और कानून का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इस दौरान पुजारी महासभा, बागेश्वर शिष्य मंडल, युवा ब्राह्मण विकास परिषद, पुजारी मठ मंदिर परिषद, सनातन धर्म रक्षा परिषद और करणी सेना के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद रहे।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संजय पुरोहित, संजय शास्त्री, नारायण प्रसाद शास्त्री, उपेंद्र महाराज, हेमंत पंडित, रामलखन शास्त्री, सौरभ सिंह राजपूत, डोकरे जी शास्त्री, रमेश चौबे, दीपक लखेरा, बागेश मिश्रा, अभिषेक आचार्य, जतिन महाराज, अजय महाराज, जितेंद्र शास्त्री और दातार सिंह राजपूत उपस्थित रहे।



विदिशा। सिद्ध श्री सियाराम सेवा समिति के तत्वावधान में सौंपा गया ज्ञापन।

गौ सम्मान कार्यक्रम को लेकर गोष्ठी हुई

ग्यारसपुर। भोपाल में 4 दिसंबर को होने वाले गौ सम्मान कार्यक्रम को लेकर निस्वार्थ गौ सेवा समिति की गौशाला में गोष्ठी हुई। ब्रह्मचारी महाराज ने गौ सेवकों और भक्तों को अभियान के तृतीय चरण की जानकारी दी।

खबर संक्षेप

किसान संघ ने गौसेवकों का किया सम्मान



गंजबासौदा। भारतीय किसान संघ तहसील इकाई द्वारा गत दिवस ग्राम खामखेड़ा स्थित बांके बिहारी गौशाला में बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ गोवर्धन पर्व पर गो माता का पूजन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सामाजिक अनुष्ठान में क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों ने भारी संख्या में पहुंचकर गौ-सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गो माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर की गई। इसके पश्चात गो माता को श्रद्धापूर्वक गो ग्रास चापर की बोरी दान स्वरूप उपलब्ध कराया गया और उन्हें अपने हाथों से पूड़ियां भी खिलाई गईं। जिससे पूरा माहौल गौ-भक्ति के रंग में रंग गया। गोवंश की सेवा में दिन-रात एक करने वाले गौशाला के कर्मठ गौ सेवकों और कार्यकारिणी सदस्यों की सेवा-भावना को सलाम करते हुए उन्हें शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि गो सेवकों का यह समर्पण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान सभी को प्रसाद स्वरूप मिठाई भी वितरित की गई। आयोजन में भारतीय किसान संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी और क्षेत्रीय ग्रामीण सहित तहसील अध्यक्ष प्रीतम सिंह राजपूत, माधव प्रसाद दुबे, शरद शर्मा, भूपेंद्र सिंह गौर, शेर सिंह कुर्मी, मोती सिंह दांगी, हीरालाल कुर्मी, प्रियांशु कुर्मी, रामबाबू कुर्मी, जगदीश घोसी, नेतराम कुर्मी सहित गौशाला कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

जरूरतमंदों के बीच मनाई दीपावली



गंजबासौदा। हिंदू उत्सव समिति सामाजिक समरसता और सेवा के कार्यों में निरंतर अपनी सहभागिता निभा रही है। इसी क्रम में विश्राम गृह के समीप स्थित मां अन्नपूर्णा सेवा समिति पहुंचकर श्री हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों ने जरूरतमंदों को भोजन कराया। इस दौरान सभी के साथ दीपावली का पर्व मनाकर खुशियां बांटीं और समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने का संदेश दिया। इस पहल का उद्देश्य समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करना तथा जरूरतमंदों को भी त्योहार के अवसर पर सुखद अनुभूति कराना रहा। इस मौके विधायक हरिसिंह रघुवंशी, समिति अध्यक्ष सावन अग्रवाल, मनोज ठाकुर, रोहित भावसार, अंकुर पिंगले, अमित मेहता, मां अन्नपूर्णा सेवा समिति के गगन दुबे एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

नौलखी मंदिर में विधायक ने वितरित किए गौमय दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



दीपावली के पावन पर्व पर गौ संरक्षण, स्वदेशी और भारतीय संस्कृति की परंपराओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में श्री नौलखी मंदिर द्वारा विशेष पहल की गई। स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर और नौलखी घाट आश्रम में इस बार दीपोत्सव गौमय दीपकों से रोशन हुआ। नौलखी मंदिर में विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने श्रद्धालुओं को गौमय दीपकों का वितरण कर इस पहल को प्रोत्साहित किया। मंदिर में प्रतिदिन होने वाले सीताराम संकीर्तन के पश्चात कीर्तन में शामिल श्रद्धालुओं को गाय के गोबर से बने दीपक वितरित किए गए। इस दौरान नागरिकों से दीपावली पर गौमय दीपक जलाने और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया गया। मालूम हो कि इस वर्ष कलेकटर अंशुल गुप्ता की पहल के बाद गौशाला में गाय के गोबर से दीपक बनाने का अभियान चलाया गया था। इस अभियान के अंतर्गत नौलखी मंदिर की श्री जगन्नाथ दास गौशाला में लगभग 5 हजार गौमय दीपकों का निर्माण किया गया। इन दीपकों को मंदिर और आश्रम के माध्यम से श्रद्धालुओं तक पहुंचाया गया। महंत राम मनोहर दास महाराज ने स्वयं दीपकों का वितरण कर लोगों को दीपावली पर गौमय दीपकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। नौलखी मंदिर के साथ नौलखी घाट आश्रम में भी गौमय दीपकों से दीपोत्सव मनाया गया। इससे धार्मिक आस्था के साथ गौसेवा और स्वदेशी का संदेश भी प्रसारित हुआ। महंत राम मनोहर दास महाराज ने कहा कि गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में गौमय दीपकों का निर्माण और वितरण बहुत अच्छी पहल है। गौशालाओं में गोवंश की सेवा और संरक्षण के साथ गौ आधारित उत्पादों का निर्माण भी किया जाना चाहिए। इससे गौशालाओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की गई पहल को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा तथा प्रत्येक वर्ष गौमय दीपकों का वितरण किया जाएगा। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने भी गौमय दीपकों के वितरण के माध्यम से श्रद्धालुओं से गौ संरक्षण और संवर्धन के सामूहिक प्रयासों में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समाज की सहभागिता आवश्यक है। इस वर्ष दीपोत्सव के पहले जिला प्रशासन की पहल पर गौशालाओं में गौमय दीपकों के निर्माण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य गौशालाओं को केवल गोवंश के संरक्षण तक सीमित न रखते हुए गौ आधारित उत्पादों के माध्यम से आर्थिक रूप से भी सक्षम बनाना है। मंदिर और नौलखी घाट आश्रम में गौमय दीपकों से मनाया गया दीपोत्सव गौसेवा, स्वदेशी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरण का माध्यम बना।

दीपावली पर आकर्षक रंगोली बनाकर दिया भक्ति का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

अंशिता ने इस बार दीपावली पर आकर्षक पारम्परिक रंगोली बना कर भगवान हनुमान की भक्ति का संदेश दिया है। इस रंगोली में अंशिता अरोरा ने महाबली हनुमान को भागवान राम की भक्ति और रामायण ग्रंथ के साथ दर्शाया है। दिवाली से एक दिन पूर्व पडने वाली रूप चतुर्दशी को भी भगवान हनुमान के जन्म की कथा प्रचलित है। बनाई गई रंगोली में हनुमान की राम की भक्ति के साथ एकता का संदेश भी दिया गया है। विगत 11 वर्षों में अंशिता पुत्री अनिल अरोरा ने कई आकर्षक रंगोलियां बनाकर विशेष संदेश पुरस्कार जीत कर नगर का नाम गौरवान्वित किया है। इन्होंने राज्य स्तर पर भी रंगोली प्रतियोगिता में भी पुरस्कार जीते हैं। दीपावली के अवसर पर श्रीमंशापूर्ण हनुमान के मंदिर के पास आकर्षक रंगोली बना कर इस बार भगवान हनुमान जी को रामायण का अध्ययन करते हुए कार्तिक मास में रामायण के महत्व को दर्शाया है। कार्तिक मास में जहां भगवान राधा कृष्ण भगवान शिव की आराधना कर अभिषेक किया जाता है, वही भगवान हनुमान की भी इस माह में आराधना की जाती है। दीपावली पर आयोजित होने वाली परंपरा का संदेश भी दिया है। चित्र में भगवान राम के प्रति हनुमान जी की भक्ति को भी दर्शाया है। 13 फीट में बनी रंगोली इस बार भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। खास बात यह है कि अंशिता के द्वारा बनाई रांगोली को नागरिकों द्वारा सराहा जा रहा है। अंशिता हर वर्ष दीपावली के दूसरे दिन रंगोली बनाकर सनातन धर्म का अलग-अलग संदेश देती है।

गोवर्धन पूजन के अवसर पर नगर में दिन भर हुए आयोजन

इलाके भर में उत्साह व उमंग से मना रोशनी का पर्व दीपावली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा









दीपावली का पर्व क्षेत्र भर में धूमधाम व उत्साह से मनाया गया। इस दौरान नागरिकों ने हर्षोल्लास के साथ इस त्योहार को मनाया। लोगों ने अपने घरों को सजाकर, पटाखे आदि फोडे एवं जगह-जगह रंगोलियों को सजाया। ज्ञात हो कि इलाके भर में दीपावली का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी इसी उत्साह के साथ दीवाली मनाई गई। इस मौके पर लोगों ने घरों की रंगाई, पुताई करते हुए उन्हें सजाया और उनमें आकर्षक विद्युत साज सज्जा की। दीवाली पर शुभ मुहुर्त में सभी ने पूजन अर्चन कर आतिशबाजी की। इस अवसर पर महिलाओं और बच्चों ने भी जमकर आतिशबाजी की। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में आतिशबाजी का दौर देर रात तक चलता रहा। वहीं सोमवार को गोवर्धन पूजन शहर सहित ग्रामीण अंचलों में हुई। लोगों ने परिवार के सदस्यों के साथ गोवर्धन पूजन की। शहर के अधिकांश मंदिरों में भी गोवर्धन पूजन अन्नकूट का आयोजन किया गया। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक उल्लास और श्रद्धा के साथ गोवर्धन पर्व मनाया गया। सोमवार को सोमवती अमावस्या के बाद प्रतिपदा प्रारंभ होने के बाद ही पूजन प्रारंभ की गई। इस अवसर पर घरों और आंगनों में गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन कर भगवान को अन्नकूट का भोग लगाया और परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं आरोग्य की कामना की। गोवर्धन पूजा के अवसर पर महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। घरों के आंगन में गोबर से गोवर्धन पर्वत के साथ भगवान श्रीकृष्ण, गाय और बछड़ों की आकर्षक आकृतियां बनाई गईं। इसके बाद आकृतियों को फूलों से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने रोली, अक्षत, पुष्प और दीपक से भगवान का पूजन किया। कई स्थानों पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा भी की गई। पूजन के बाद भगवान को विभिन्न पकवानों और अन्नकूट का भोग अर्पित किया गया तथा प्रसाद का वितरण किया गया।

मौन व्रत रख 12 गांवों की परिक्रमा पर निकली ग्वालों की टोली

गंजबासौदा। आधुनिकता के दौर में जहां नई पीढ़ी पुरानी परंपराओं से दूर होती जा रही है, वहीं नगर में 110 वर्षों से चली आ रही एक अनूठी धार्मिक परंपरा आज भी पूरी आस्था और उत्साह के साथ निभाई जा रही है। दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा की प्रतिपदा पर ग्वालों की टोली मौन व्रत धारण कर दौड़ते हुए 12 गांवों की परिक्रमा पर निकली। इस बार इस परंपरा की खास बात यह रही कि बुजुर्गों के साथ बड़ी संख्या में युवा भी पीले वस्त्र धारण कर, कमर में मोर पंख बांधकर और हाथों में डांडिया लेकर शामिल हुए। वार्ड क्रमांक 2 स्थित कारस देव मंदिर में सुबह से ही ग्वालों के एकत्रित होने का सिलसिला शुरू हो गया था। सभी सदस्यों ने विधि-विधान से कारस देव की पूजा-अर्चना और आरती की। इसके बाद मौन व्रत धारण कर 12 गांवों की परिक्रमा का संकल्प लिया। इस वर्ष सोमवार को सोमवती अमावस्या होने के बाद प्रतिपदा तिथि आने के कारण परिक्रमा की शुरुआत सुबह 10 बजे के बाद की गई। ग्वालों की टोली के सदस्य पन्नालाल कुशवाह ने बताया कि यह परंपरा उनके पूर्वजों द्वारा शुरू की गई थी, जिसका निर्वाहन आज भी पूरी श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। पुराने सदस्यों के साथ इस बार नए युवाओं ने भी स्वेच्छा से परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। टोली में शामिल युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। टोली नायक दुर्जनलाल रैकवार के नेतृत्व में पीले वस्त्र, मोर पंख और घंटियां धारण किए ग्वाले कारस देव की जयकार के साथ अपनी यात्रा पर रवाना हुए। परंपरा के अनुसार ग्वाले पूरे दिन मौन रहते हुए नंगे पैर दौड़कर 12 गांवों की परिक्रमा करते हैं। इस दौरान न कोई सदस्य रास्ते में रुकता है और न ही किसी दूसरे सदस्य को रुकने दिया जाता है। टोली एक गांव से दूसरे गांव तक दौड़ते हुए पहुंचती है और वहां गायों की पूजा-अर्चना भी करती है। ग्रामीणों द्वारा ग्वालों का दही,मट्ठा और दूध पिलाकर स्वागत किया जाता है।

भगवान महावीर स्वामी का 2553वां निर्माण महोत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर में भगवान महावीर स्वामी का 2553 वां निर्माण कल्याणक महोत्सव श्रद्धा,भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के समस्त जिनालयों में विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। मुख्य आयोजन भगवान महावीर मार्ग स्थित भगवान महावीर विहार में आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में जैन समाज के धर्मप्रेमी बंधुओं ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाष्टक, भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा के साथ हुआ। इसके पश्चात भगवान महावीर स्वामी की मंगलमय पूजन के साथ आचार्य विद्यासागर महाराज एवं विद्या शिरोमणि आचार्य समयसागर महाराज की मंगल पूजन संपन्न हुई। धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। प्रथम लाडू धन्य कुमार, सौरभ कुमार एवं तरुण, द्वितीय लाडू अशोक कुमार, सुरेश कुमार, संजीव कुमार तृतीय लाडू स्मिता राजीव जैन, चतुर्थ लाडू संतोष कुमार, अमन कुमार, पंचम लाडू सतीश कुमार, प्रदीप कुमार, प्रतीक, यश एवं वैभव जैन कक्का वाला परिवार शामिल रहे। इसके अतिरिक्त 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के निर्माण कल्याणक के पावन अवसर पर 24 निर्वाण लाडू अर्पित किए गए। इस धार्मिक अनुष्ठान में अनेक अन्य पुण्यार्जक परिवारों ने भी निर्वाण लाडू चढ़ाकर पुण्यार्जन एवं धर्मलाभ प्राप्त किया। वहीं भगवान महावीर निर्माण कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर नव-निर्माणाधीन श्री पारस प्रभु जिनालय के लिए भी अनेक पुण्यार्जक परिवारों ने दानराशि समर्पित कर जिनालय निर्माण में सहभागी बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। नगर में भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण कल्याणक की धूम रही तथा जिनालयों में भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने मनाया दीपावली पर्व

बच्चों ने विद्यालय में जलाए दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ ने महापर्व दीपावली अपने परंपरागत तरीके से बहुत धूमधाम से मनाया। मंच द्वारा इस अवसर पर बुजुर्गों के मुकाम पर जश्न-ए-चरागा मनाया गया। गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक सौ एक वर्ष पूरे होने पर महलो वाले बाबा साहब के दरबार मे एक सौ एक चिराग रोशन कर जश्न ऐ चरागा मनाया गया , इससे पूर्व मंच द्वारा एक सौ एक जरूरतमंद तक पहुंचकर दीपावली की खुशिया मनाई गईं। कादरी ने विश्व से कट्टरता खत्म करने की अपील कर दीपावली का संदेश अंधकार मिटा कर प्रकाश फैलाने जन-जन घर घर तक ले जाने का आह्वान किया । इस मौके पर बड़ी तादाद मे मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ता, पदाधिकारीगण, महिला कार्यकर्ताओं ने शिरकत की और देश व दुनिया मे अमन, चैन व कामयाबी की दुआएं मांगीं। इस अवसर पर बच्चो ने भी जमकर पटाखे फोडे और पर्वाधिराज महापर्व दीपावली हर्षोल्लास से मनाया। इसी तरह माध्यमिक विद्यालय सेमरी मे बच्चो ने शाला परिसर मे दीपक सजाकर दीपावली का संदेश तमसो मा ज्योतिर्मय पूरी दुनिया को दिया। शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी के अरूण, यश, अंश, रोहित, प्रियंका, परी, ललिता, कशिश, वैशाली, सोनिका, रक्षा, राधिका, नारायणी, चित्रांश, सूर्यांश, हर्ष, प्रियांश, पवन, ऋषभ, नैनी, जतिन, लोकेश, यश, यशवंत, उदय ने शाला परिसर मे दीपक रखकर ज्ञान के मंदिर को भी प्रकाशमय किया। उन्होने बताया हम सबने घर पर गौ माता के गोबर से दीपक बनाऐ जिसमे से सभी विद्यार्थी ने एक एक गौमय दीपक शाला मे रखा और अपने गरीब सहपाठियो को भी गोमय दीपक, मिठाई भेंट कर उनके साथ दीपावली धूमधाम से मनाई।

श्रीमद् भागवत कथा का हो रहा आयोजन

गंजबासौदा। नगर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके उपलक्ष्य में कलश यात्रा निकाली गई। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



प्रथम दिन कथा व्यास पंडित विकास आनंद एलिया के द्वारा वैदिक मत्रों के साथ भगवान गणेश जी का अर्चन कर भागवत जी का पूजन किया गया। इसके बाद ढोल मजीरों व कीर्तन के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के पश्चात 2 बजे से भागवत कथा का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीमद भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने कहा कि जैसे गंगा, यमुना, सरस्वती संगम में हम स्नान करने के लिए जाते हैं वैसे ही भागवत से आत्मा शुद्ध होती है। कथा मनुष्य के जीवन के मर्म को समझाती है। यह हमें सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। महाराज ने कहा कि कलश रिद्धि- सिद्धि का प्रतीक है। इसका हिंदू धर्म में अपना महात्म्य है। कलश हमारे जीवन के हर क्षण में काम आता है। जन्म के समय भी कलश स्थापना की जाती है और मरने के समय भी शरीर के साथ कलश विसर्जित किया जाता है। उन्होंने बताया कि कलश के उपर नारियल रखा जाता है। यह नारियल मनुष्य को इस बात की शिक्षा देता है कि परिवार के मुखिया को उपर से सख्त और अंदर से मुलायम होना चाहिए। इससे जीवन की गाड़ी बेहतर चलती है। कलश के उपर जो माला रखी जाती है उसका अलग महत्व है। जिस प्रकार माला में लगा हुआ फूल महकता है उसी प्रकार मनुष्य का जीवन भी दूसरों को सुगंध देने वाला होना चाहिए। कथा के मुख्य यजमान गोपी रमका सैनी, आशीष सैनी, मनीष सैनी एवं समस्त सैनी परिवार रहा।

पंजाब बैंक के एटीएम में लगी आग को नपा कर्मियों ने बुझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



स्टेशन मार्ग पर क्लब पार्क के सामने स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में गत सुबह अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। गनीमत रही कि समय रहते नगरपालिका कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए एटीएम में लगी आग को बुझाया। अगर समय रहते नपा सफाई कर्मचारी तत्परता से आग पर काबू नहीं पाते तो एक बड़ा हादसा हो सकता था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह के समय नगरपालिका के मेट दरोगा हाजिरी लेने के बाद चौराहे पर खड़े थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही नगरपालिका कर्मचारी मौके पर पहुंचे और अन्य कर्मचारियों को बुलाकर आग पर काबू पाया। अगर समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो आसपास के मकानों को आग चपेट में ले लेती। आग बुझाने के दौरान संतोष प्रभारी दरोगा, सुदामा प्रभारी दरोगा, राजेश प्रभारी मेट, राजू प्रभारी मेट, सफाई कर्मचारी सूरज, नरेश, महेश सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। एटीएम में आग लगने की घटना ने बैंक की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। उपभोक्ताओं ने बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि बैंक शाखा में व्याप्त अव्यवस्थाओं में सुधार किया जाए, साथ ही अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

श्रीकृष्ण गौशाला में हुआ गोवर्धन पूजन गौमाताओं की पूजा कर खिलाया अन्नकूट

विधायक ने की गोपालन को बढ़ावा देने की अपील, कहा– प्रत्येक किसान कम से कम दो गायों का करे पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

लटेरी रोड स्थित श्री श्रीकृष्ण गौशाला में दीपावली के दूसरे दिन परंपरानुसार गोवर्धन पूजन का आयोजन हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ किया गया। प्राकृतिक सौंदर्य से सजे गौशाला परिसर में सोमवार दोपहर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर भगवान गोवर्धन नाथ की पूजा-अर्चना की तथा गौमाताओं की सेवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम में गौशाला के संरक्षक एवं विधायक उमाकांत शर्मा, एसडीएम ओम नारायण बड़कुल सहित प्रशासनिक अधिकारियों एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति रही। इस दौरान गौशाला समिति के अध्यक्ष संतोष चौरे एवं समाजसेवी सत्यनारायण शर्मा ने गोबर से निर्मित गोवर्धन पर्वत की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पंडित पूर्णानंद चतुर्वेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शासकीय स्तर पर गोवर्धन पूजा आयोजित करने के निर्णय के चलते कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों की भी विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर भगवान गोवर्धन नाथ का



आकर्षक श्रृंगार किया गया तथा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से तैयार अन्नकूट का भोग अर्पित किया गया। विधायक उमाकांत शर्मा ने गौशाला परिसर में स्थापित तुलसी माता का पूजन किया तथा आभूषणों से सुसज्जित गौमाताओं की पूजा-अर्चना कर उन्हें गौग्रास अर्पित किया। पूजन के पश्चात समिति सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती की और सामूहिक रूप से गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं ने गौशाला में निवासरत सैकड़ों गायों को पूड़ी, गुड़ एवं हरा चारा खिलाकर गौसेवा का संदेश दिया।

गोपालन से कम होगी सड़कों पर बेसहारा गायों की संख्या

समापन अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गोवर्धन पूजा को शासकीय स्तर पर आयोजित कराने के निर्णय की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि प्रकृति, वन, पर्यावरण और गौवंश के संरक्षण का संदेश भी देती है। प्रत्येक घर में गोपालन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गौशालाओं में गौमाताओं के पालन-पोषण के लिए दी जाने वाली राशि 20 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये प्रति गाय की है। यह गौमाता की सेवा और संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम है। विधायक श्री शर्मा ने किसानों से आह्वान किया कि वे खेती के साथ कम से कम दो गायों का पालन अवश्य करें। यदि प्रत्येक किसान इस दिशा में पहल करता है तो सड़कों पर घूमने वाली बेसहारा गायों की संख्या में काफी कमी आ सकती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए गौसेवा, प्रकृति संरक्षण और भारतीय संस्कृति की परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरियाब सिंह कुर्मी, नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, राजेंद्र गर्ग, अशोक रावल, ललितकांत चौरसिया, जनपद पंचायत में विधायक प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य, गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अपना बाजार, अपनी दीवाली पहल अंतर्गत लोगों को बंटी मिठास

लोगों को बांटी 300 किलो से अधिक मिठाई



स्थानीय विक्रेताओं से खरीदे 10,000 से अधिक दीपक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

त्योहार की खुशी तब और बढ़ जाती है, जब उसमें अपने बाज़ार और अपने लोगों की समृद्धि का भाव भी जुड़ जाए। इसी भावना के साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री रवि सोनी ने अपना बाज़ार, अपनी दीवाली पहल के अंतर्गत सिरोंज के मुख्य बाज़ार में कठाली बाज़ार से सिनेमा चौराहा तक पैदल पहुँचकर व्यापारियों और आमजन को दीवाली की शुभकामनाएँ दीं। इस आत्मीय मुलाकात में शुभकामनाएँ केवल बड़ी दुकानों के काउंटर तक सीमित नहीं रहीं। स्थायी दुकानदारों के साथ रेहड़ी-ठेले पर व्यापार करने वाले और ज़मीन पर बैठकर रोज़ी कमाने वाले छोटे विक्रेताओं के पास भी रवि सोनी स्वयं पहुँचे। बच्चों, बुज़ुर्गों, व्यापारियों और बाज़ार में आए ग्राहकों सहित समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ त्योहार की खुशियाँ साझा की गईं। इस दौरान स्थानीय बाज़ार से खरीदी गई 300 किलो से अधिक मिठाई हज़ारों लोगों को वितरित की गई। साथ ही, बाज़ार के दीपक विक्रेताओं से ही 10,000 से अधिक दीपक खरीदे गए। इन दीपकों को कागज़ के लिफ़ाफ़ों में रखकर सिरोंज की समृद्धि के संकल्प के साथ बाँटा गया। इस तरह स्थानीय बाज़ार से खरीदारी कर उसी बाज़ार के लोगों के बीच खुशियाँ साझा करने का संदेश व्यवहार में भी उतरा। इस अवसर पर पूरे बाज़ार में स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया गया। अपने क्षेत्र के उत्पादों और स्थानीय दुकानदारों को प्राथमिकता देकर त्योहार मनाने की बात कही गई, ताकि उत्सव की रौनक के साथ स्थानीय व्यापारियों के कारोबार को भी बल मिले। बाज़ार में इस पहल की सराहना हुई। रवि सोनी ने क्षेत्र के व्यापारियों और किसानों की समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि त्योहार में सामूहिकता ही हमारे त्योहार की ताकत है। उन्होंने सभी से मिलकर क्षेत्र के व्यापार और किसानों की समृद्धि के लिए सहभागी बनने की बात कही। बाज़ार की गलियों में लोगों से सीधी मुलाकात और छोटे-बड़े सभी व्यापारियों तक पहुँचकर शुभकामनाएँ देने में इस आयोजन का अपनापन दिखाई दिया। दुकान हो, ठेला हो या ज़मीन पर बिछी छोटी-सी दुकान, त्योहार की मिठास और रोशनी सबके साथ साझा करने का भाव रहा।

सर्वतोभद्र जिनालय के प्रथम तल पर पहली बार चढ़ाए निर्वाण लाडू, मुनिसंघ के चातुर्मास का हुआ निष्ठापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भगवान वर्धमान महावीर स्वामी के मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर भाग्योदय तीर्थ में निर्माणाधीन सर्वतोभद्र जिनालय के प्रथम तल पर पहली बार निर्वाण लाडू अर्पित किए गए। मुनि अभय सागर महाराज के सानिध्य में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कार्यक्रम में सहभागिता की। भगवान के अभिषेक, शांतिधारा और पूजन के बाद विधि-विधान से निर्वाण लाडू चढ़ाए गए। लाडू अर्पित करने का सौभाग्य अनिल नैनधरा, महेश बिलहरा,



प्रकाश जैन पारस और जज शुभम मोदी सहित श्रद्धालुओं ने बोलियां लेकर प्राप्त किया। लाडू बनाओ प्रतियोगिता में 38 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें रुचि जैन प्रथम, राजुल जैन द्वितीय, दीक्षा वैशाली जैन तृतीय, मीना चौधरी चतुर्थ और ज्योति नैनधरापंचम रहीं।

दीपावली की शाम को मुक्तिधाम परिसर में भी जगमगाए दीपक

सिरोंज। दीपावली की शाम को मोक्षधाम सेवा समिति के सदस्यों ने लटेरी रोड स्थित मुक्तिधाम परिसर को दीपों की रोशनी से जगमग किया। एक दीपक पूर्वजों के नाम अभियान अंतर्गत इस दौरान सदस्यों ने जनसहयोग से पूरे परिसर में करीब पाँच सौ दीपक लगाने का काम किया। उल्लेखनीय हे कि विधायक उमाकांत शर्मा की प्रेरणा से विगत वर्षों से नगर के जागरूक नागरिकों के सहयोग से मोक्षधाम समिति मुक्तिधाम परिसर की सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाने के लिए प्रयासरत है। दो वर्ष पूर्व समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया था दिवाली पर जब पूरा शहर रोशन रहता है तो ऐसे निर्जन स्थानों को भी अमावस्या की रात्रि में दीपों का प्रकाश करना चाहिए। अभी हाल ही में समिति ने जनसहयोग से परिसर में एवं भव्य मंदिर निर्माण कर राजा हरिश्चंद्रएवं



उनकी धर्मपत्नी तारामती तथा पुत्र राहुल की प्रतिमा स्थापित की है। दिवाली की शाम को सभी सदस्यों ने परिसर में पूजा अर्चना करते हुए दिवगंत पूर्वजों की स्मृति में करीब पांच सौ दीपको की दीप माला सजाई एवं पूरे परिसर को दीपों की रोशनी से जगमग किया।

टीआर नाहर फाउंडेशन ने सिविल अस्पताल में भर्ती मरीजों व प्रसूति महिलाओं को बांटे फल एवं कंबल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

दीपावली पर जहां पूरा देश खुशियों और उल्लास के साथ दीपों का महापर्व मना रहा है, वहीं समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली संस्था टीआर नाहर फाउंडेशन ने सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

संस्था की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना नाहर एवं संरक्षक अजय नाहर ने अपनी टीम के साथ सिविल अस्पताल बरेली पहुंचकर अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं प्रसूति महिलाओं को फल एवं कंबल वितरित किए।

इस अवसर पर टी आर नाहर फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना नाहर एवं संरक्षक अजय नाहर ने मरीजों और प्रसूति महिलाओं को फल एवं कंबल भेंट कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने और सुखद स्वास्थ्य की कामना की।

नगर के नर्बदा एजुकेशन वैली स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया दीपावली पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नर्बदा एजुकेशन वैली स्कूल में दीपावली पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए त्योहार की खुशियां साझा कीं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सुंदर रंगोलियां बनाई गईं तथा मिट्टी के आकर्षक दीपक (दीये) तैयार किए गए। बच्चों ने फुलझड़ियां एवं पटाखे चलाकर



दीपावली के उत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक राजीव रघुवंशी द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लक्ष्मण जी एवं माता सीता का विधि-विधान से पूजन किया गया।

आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक एवं पारंपरिक मूल्यों से परिचित कराना तथा आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता की भावना को प्रोत्साहित करना था। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

परिवारों में भोजन मिठाई व बच्चों को पटाखे किए वितरित

निराला समिति सदस्यों ने गरीब परिवारों के साथ मनाई दीपावली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

30 वर्षों से सक्रिय श्री निराला साहित्य जन कल्याण समिति द्वारा सभी त्योहारों पर गरीब परिवारों के बीच पहुंचकर उनके साथ त्यौहार मनाने का सराहनी कार्य कर रही हैं। दीपावली पर समिति के सदस्य नगर के विभिन्न हिस्सों में निवास कर रहे गरीब परिवारों के बीच पहुंचे सदस्यों द्वारा परिवारों में भोजन पैकेट मिठाइयां और बच्चों के बीच पटाखों का वितरण किया गया।

निराला समिति द्वारा प्रतिवर्ष सर्दी के मौसम में गरीब परिवारों के बीच पहुंचकर गर्म कपड़ों महिलाओं बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार पुराने उपयोगी कपड़ों का वितरण किया जाता है। दीपावली के दिन निराला समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, संरक्षक सुरेश विदुआ पत्रकार, भगवान दास राठी, अवध नारायण सक्सेना,



सईद पठान, नरेश जैन, नमन विदुआ ने कॉलेज के पास बाल विहार के पीछे थाने के पास उदयपुरा नाके के पास एवं सड़कों पर रहने वालों के बीच पहुंचकर भोजन मिठाई का वितरण एवं बच्चों को पटाखे सौंपे।

आचार्य विद्यासागर गौशाला समनापुर में हुआ जिला स्तरीय गो पूजन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

तहसील के ग्राम समनापुर जागीर में वर्षों से जैन समाज द्वारा आचार्य विद्यासागर जीव रक्षा संस्थान गौशाला का संचालन किया जा रहा है। सोमवार को गौशाला में जिला स्तरीय गोपूजन एवं गोपालक सम्मान कार्यक्रम क्षेत्र के विधायक व राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। राज्य मंत्री पटेल ने गोवर्धन महाराज और गायों की विशेष पूजन की गाय को गुड़



चना खिलाकर अपना समर्पण भाव व्यक्त किया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री पटेल ने गौ सेवा के प्रति समर्पण लगन के प्रयासों और प्रेरणा की घटनाओं को उपस्थित लोगों के साथ सांझा किया कहा कि जब वह मंत्री विधायक नहीं थे तब भी उन्होंने इसी गौशाला को एक लाख की राशि प्रदान की थी कहा कि गौ सेवा के प्रति समर्पण भाव ही सच्ची सेवा है।

गोपूजन के जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के साथ कलेक्टर रोहित सिसोनिया जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी एसडीम अंकित जैन बाड़ी जनपद सीईओ दानिश अहमद खान नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रतीक द्विवेदी अवनीश पालीवाल गौशाला समिति के अध्यक्ष चंद्र कुमार जैन आशीष जैन के साथ भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ग्रामीण पशुपालकों और जैन समाज के लोगों के साथ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए गणमान्य नगरिको की उपस्थिति रही।

राज्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में शिवाजी सेवा सदन में हुई उदयपुरा विधानसभा की संगठन बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शिवाजी सेवा सदन बरेली में उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र की संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल एवं भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजगोपाल लोया उपस्थित रहे।

संगठनात्मक बैठक में दोनों वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की आगामी कार्ययोजना को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। बैठक में उदयपुरा विधानसभा में प्रस्तावित आगामी बड़े कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई तथा उसे सफल बनाने हेतु जिम्मेदारियां तय की गईं। मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि

बैठक में आगामी कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा



केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। वहीं प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजगोपाल लोया ने संगठन में मीडिया एवं सोशल मीडिया की भूमिका तथा बूथ सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया।

बैठक में संगठन की आगामी कार्य-योजना, बूथ सशक्तिकरण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर सार्थक चर्चा हुई। उदयपुरा विधानसभा में संगठन को और अधिक मजबूत करने हेतु सभी कार्यकर्ता संकल्पित हुए।

बैठक में यह रहे मौजूद

बैठक में भाजपा जिला महामंत्री केशव पटेल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रतीक द्विवेदी, जिला सह-मीडिया प्रभारी रोहित चौधरी एवं विधानसभा क्षेत्र में निवासरत सभी जिला पदाधिकारी, सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आज भाई दूज पर भरेगी चंडी माता की मढ़ई

घर-घर बने गोर्वधन भगवान की हुई पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में दीपावली का त्यौहार बड़े उत्साह उल्लास और दियो की झिलमिल रोशनी सजावट एवं मां लक्ष्मी, श्री गणेश जी की पूजन के साथ संपन्न हुआ। परंपरा और संस्कृति के अनुसार नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में घरोघर गोबर से बने गोवर्धन भगवान की विशेष पूजन की गई। गौशालाओं एवं पशुपालकों द्वारा गोवंश की विशेष सजावट कर पूजन की गई।

भरेगी माता की मढ़ई

तिथियों के फेर में आज बुधवार को भाई दूज का कार्यक्रम परिवारों द्वारा मनाया जाएगा जिसकी परिवारों में तैयारियां चलती रही। आदिवासी लोक संस्कृति के अनुसार आज नदी रोड पर चंडी माता की मढ़ई भरेगी जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से पंडा ओझा मोर पंखों से बनी ढाल लेकर मढ़ई में मिलन के लिए आएंगे।

ढालो के साथ नृत्य: आदिवासी और ग्रामीण लोक परंपरा के अनुसार ग्रामों में ढाल बनाने दीपावली और दूज पर पूजन की प्राचीन परंपरा आज भी बनी हुई है। ढालों का निर्माण लंबे रंग-बिरंगे बांस के ऊपरी भाग पर मोर पंखों को बांधा जाता है इन्हीं ढालो के साथ विभिन्न मुद्राओं में किए जाने वाला नृत्य माता की परिक्रमा का आकर्षण बना रहता है। बरेली के साथ चैनपुर जामगढ़ भगदेई में मढई भरने की परंपरा बनी हुई है।

पूजन सम्मान कार्यक्रम

हिंदू उत्सव समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर ढालों की पूजन और पंडो का सम्मान राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के मुख्य अतिथि में रखा गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी द्वारा की जाएगी। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश बबेल एवं पदाधिकारियो ने सभी से कार्यक्रम में आने की अपील की है।



खबर संक्षेप



मकान में आग लगने से गृहस्थी का सामान जला

सिलवानी। नगर के बुधवारा बाजार स्थित वार्ड क्रमांक 13 में रविवार एक कच्चे मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आगजनी की इस घटना में मकान में रखा गृहस्थी का सामान, डेकोरेशन सामग्री सहित अन्य वस्तुएं जलकर राख हो गईं। घटना में एक लाख रुपए से अधिक का नुकसान होना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 13 बुधवारा बाजार निवासी आशीष सैनी के कच्चे मकान में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और मकान में रखा सामान इसकी चपेट में आ गया। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि जब तक आग बुझाई जाती, तब तक घर में रखा गृहस्थी का सामान, डेकोरेशन सामग्री और अन्य जरूरी वस्तुएं जलकर राख हो चुकी थीं। पीड़ित आशीष सैनी के अनुसार आगजनी की घटना में एक लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

400 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



सलामतपुर। जिले में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त और नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक, एडिशनल एसपी और एसडीओपी के दिशा निर्देशन में सलामतपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत सलामतपुर थाना पुलिस ने गांजे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 400 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 9 नवंबर को शाम करीब 6:20 बजे से 7 बजे के बीच सलामतपुर थाना क्षेत्र में गल्लामंडी रातातलाई के पास बने चबूतरे पर पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस को एक व्यक्ति के पास अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा होने की जानकारी मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली, उसके कब्जे से 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हेमंत उर्फ गुन्तु यादव पिता भारत सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी कांचरोद, थाना गंजबासौदा, जिला विदिशा, हाल निवासी ज्वाला मंदिर के पास रातातलाई, थाना सलामतपुर के रूप में हुई है।

कलेक्टर-एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर दी समझाइश, पुलिस ने संभाला मोर्चा, एडीएम करेंगे मामले की जांच

अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से 'प्रसूता' की मौत, परिजनों ने किया जमकर हंगामा

परिजनों का इलाज में देरी का आरोप

सीएस बोले - प्रसूता महिला का बीपी बढ़ा हुआ था, महिला डॉक्टर की कोई गलती नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही का फिर एक कारनामा सामने आया है। एक गर्भवती महिला की इलाज न मिलने के कारण मौत हो गई। कुछ दिन पहले भी एक गर्भवती महिला ने इलाज के दौरान अस्पताल से बाहर जाकर सड़क पर बच्चे को जन्म दे दिया था, जबकि रायसेन जिला अस्पताल स्वास्थ्य राज्यमंत्री के जिले में आता है। वहीं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी भी इसी क्षेत्र के विधायक हैं, बावजूद इसके अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं।

सोमवार को एक 8 माह की गर्भवती महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि शहर के तालाब मोहल्ला वार्ड 9 निवासी रितु वर्मा उम्र 35 वर्ष जब शाम करीब 4:30 बजे जिला अस्पताल पहुंची थी, तब वह अपने पैरों पर चलकर आई थी। लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने के करीब साढ़े 4 घंटे बाद उसकी मौत हो गई।

परिजनों का आरोप है कि जब महिला अस्पताल में भर्ती हुई थी, तब अस्पताल से डॉक्टर नदारत थे। इलाज के आभाव के कारण महिला की मौत हो गई। प्रसूता महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का आक्रोश सड़कों पर फूट पड़ा। उन्होंने जिला अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा और नारेबाजी की।

रेफर गर्भवती महिला को नहीं मिली एंबुलेंस

रितु वर्मा की रात जब ज्यादा हालत बिगड़ने लगी तो जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा आनन फानन में भोपाल रेफर किया तो जिला अस्पताल परिसर में उसे एक भी एंबुलेंस नहीं मिली। जबकि जिला अस्पताल की इमरजेंसी एम्बुलेंस सेवा वेंटिलेटर पर चल रही है। इमरजेंसी कॉल के बाद भी समय पर रेफर प्रसूता रितु वर्मा को एंबुलेंस सुविधा नहीं मिली। इस संबंध में जिला अस्पताल प्रबंधन के अधिकारी ने अपनी सफाई देते हुए कहा कि एंबुलेंस भोपाल मरीजों के लिए लेकर गई थी। इसीलिए उपलब्ध नहीं हो सकी।





स्थिति संभालते प्रशासनिक अधिकारी



डॉक्टर और स्टाफ मरीजों पर नहीं देते ध्यान

परिजनों ने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ पर इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए। उनका कहना था कि नर्स और वार्ड वॉय मोबाइलों में व्यस्त रहते हैं। मरीज और गर्भवती महिलाएं पलंगों पर पीड़ा से कराहती रहती हैं। यदि समय रहते गंभीरता से उपचार किया जाता तो गर्भवती रितु की जान बच सकती थी। बढ़ते तनाव को देखते हुए कोतवाली थाने से पुलिस अधिकारी पुलिसकर्मियों को बुलाना पड़ा। पुलिस बल ने जिला अस्पताल पहुंचकर स्थिति संभाली।

डॉक्टर घर से मोबाइल पर ले रही थीं अपडेट

पूरे मामले में सबसे गंभीर आरोप ड्यूटी महिला डॉक्टर की मौजूदगी को लेकर सामने आया है। मृतका के परिजनों का कहना है कि जब रितु वर्मा को तत्काल चिकित्सकीय निगरानी और उपचार की जरूरत थी, तब ड्यूटी महिला डॉक्टर जिला अस्पताल में मौजूद नहीं थीं। परिजनों द्वारा यह आरोप लगाया जा रहा है कि डॉक्टर घर पर बैठकर मोबाइल फोन के जरिए मरीज की स्थिति की जानकारी लेती रहीं।

परिजनों का सवाल है कि गर्भवती महिला की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर स्वयं जिला अस्पताल पलंग पर पहुंचकर परीक्षण क्यों नहीं कर रही थीं? क्या मोबाइल फोन पर मरीज की स्थिति जानना ही उपचार की जिम्मेदारी थी? यदि समय रहते महिला विशेषज्ञ डॉक्टर की मौजूदगी में जांच और उपचार शुरू हो जाता तो क्या रितु वर्मा की जान बचाई जा सकती थी? हालांकि, ये सभी आरोप हैं, जिनकी पुष्टि एडीएम मनोज उपाध्याय की जांच पड़ताल के बाद ही हो सकेगी।

दोषियों को बख्शेंगे नहीं

मैंने एडीएम को मामले की गंभीरता से जांच के आदेश दिए हैं। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।
- रोहित सिसोनिया, कलेक्टर

मृतिका का बढ़ा हुआ था बीपी

मृतका रितु वर्मा का भोपाल की एक महिला डॉक्टर से चेकअप और उपचार कराया जा रहा था। उसका ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ था एवं उसे थायराइड भी थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसे भोपाल रेफर कर दिया था।
- डॉ. अनिल ओढ़, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल रायसेन।

साढ़े चार घंटे में क्या हुआ, जांच में सामने आएगा पूरा घटनाक्रम

प्रसूता रितु की मौत के बाद जिला अस्पताल प्रबंधन की कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। इस सारे मामले में मृतका रितु वर्मा के परिजन यह जानना चाहते हैं कि शाम 4:30 बजे जिला अस्पताल पहुंचने से लेकर रात में मौत होने तक महिला को किस समय कौन-सा उपचार दिया। उसकी जांच कब हुई, डॉक्टरों ने कब परीक्षण किया और गंभीर स्थिति में क्या चिकित्सकीय कदम उठाए ?

इस मामले में जिला अस्पताल की ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और उपचार से जुड़े रिकॉर्ड की जांच महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मेडिकल रिकॉर्ड, मरीज की जांच रिपोर्ट और उपचार के समय का विवरण सामने आने के बाद ही लापरवाही के आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

घरों-घर हुई गोवर्धन पूजन, पकवानों का लगाया भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

दीपावली के दूसरे दिन मंगलवार को सांची विकासखंड के दीवानगंज सहित आसपास के करीब 50 गांवों में गोवर्धन पूजा का पर्व पारंपरिक उत्साह और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांवों में त्योहार की रौनक दिखाई देने लगी। कहीं घरों में गोवर्धन महाराज की पूजा-अर्चना कर खीर और तरह-तरह के पकवानों का भोग लगाया गया, तो कहीं ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ सामूहिक रूप से पूजा की परंपरा निभाई। इस दौरान



ट्रैक्टर, ट्रक, बस, दोपहिया वाहनों, कृषि उपकरणों और पशुओं की भी पूजा-अर्चना की गई। तिथियों के कारण कुछ गांवों में सोमवार को तो कुछ गांव में मंगलवार को भी गोवर्धन पूजा की गई। शाम से लेकर देर रात तक पटाखों और आतिशबाजी का दौर चलता रहा।

दीवानगंज, अंबाड़ी, सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया, निनोद, बरजोरपुर, सरार, बालमपुर, संग्रामपुर, मुस्काबाद, करैया, गीदगढ़, कुल्हड़िया, छोला, बनखेड़ी, सत्ती, बांसिया, हिनोतिया, भंवरखेड़ी और कयामपुर सहित आसपास के करीब 50 गांवों में सुबह से ही तैयारियां शुरू हो गई थीं। ग्रामीणों ने घरों में गोवर्धन महाराज की पूजा कर विधि-विधान से आरती उतारी और अन्नकूट सहित विभिन्न पकवानों का भोग लगाया।

गोवर्धन पूजा पर ग्राम पंचायत बिजोरा पहुंचे सरपंच बहादुर सिंह लोधी

सरपंच ने दीपावली पर कन्याओं को वितरित किए वस्त्र, ग्रामीणों को बांटी मिठाई व पटाखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

दीपावली पर ग्राम पंचायत बिजोरा के सरपंच बहादुर सिंह लोधी ने ग्रामीणों के साथ खुशियां बांटकर त्यौहार मनाया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की छोटी-छोटी कन्याओं को वस्त्र भेंट किए और ग्रामीणों को मिठाई, श्रीफल एवं पटाखे वितरित किए। सरपंच बहादुर सिंह लोधी दीपावली और गोवर्धन पूजा के



अवसर पर पंचायत क्षेत्र में पहुंचे। यहां उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें दीपावली एवं गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दीं। साथ ही कन्याओं को वस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया और मिठाई बांटकर पर्व की खुशियां साझा कीं।

सरपंच ने कहा कि दीपावली आपसी प्रेम, भाईचारे और खुशियां बांटने का त्यौहार है। समाज के हर वर्ग के चेहरे पर मुस्कान लाना और जरूरतमंदों के साथ दीपावली के त्यौहार की खुशियां साझा करना ही पर्व की सच्ची भावना है।

संस्कारों की अनमोल यात्रा पर निकला जैन समाज का जत्था

तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा में 100 से अधिक यात्री शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर से मंगलवार को तारण तरण दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में तीन दिवसीय धार्मिक एवं शैक्षणिक यात्रा के लिए तीर्थ यात्रियों का जत्था रवाना हुआ। इस यात्रा में 100 से अधिक श्रद्धालु शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, तारण तरण जैन समाज सिलवानी द्वारा संचालित पाठशाला के बच्चों में धार्मिक संस्कारों के साथ तीर्थ स्थलों के प्रति आस्था और ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से इस यात्रा का आयोजन किया है। यात्रा पर रवाना होने से पूर्व सुबह जैन चैत्यालय में मंदिर विधि का कार्यक्रम विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ।



तीन दिवसीय यात्रा के दौरान श्रद्धालु अतिशय क्षेत्र पटनागंज रहली, पटेरिया जी गढ़ाकोटा, अतिशय क्षेत्र सूखा निसईजी, विराग धाम पथरिया, सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर, बिलहरी जी और बीना बारहाजी सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पहुंचेंगे। इस यात्रा में पाठशाला के बच्चों के अलावा बेदी प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सहभागिता करने वाले समाजजन भी शामिल हैं।

कलेक्टर ने जिला सामाजिक न्याय विभाग का किया निरीक्षण, योजनाओं का लिया जायजा

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के आवेदन देखे, बोले- दस्तावेज पूरे हों

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने मंगलवार को दोपहर बाद सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के कार्यालय और जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री सिसोनिया ने कार्यालय के सभी कक्षों का भ्रमण किया और विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति जानी। हितग्राहियों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उप संचालक मनोज बॉथम को निर्देश दिए कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो और पात्र लोगों को समय पर लाभ मिले।



आवेदनों का अवलोकन

निरीक्षण में कलेक्टर सिसोनिया ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत आए आवेदनों को देखा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवेदन पूरी तरह भरे जाएं और जरूरी दस्तावेज लगे हों। ताकि योजना का लाभ लेने में पात्र हितग्राहियों को किसी तरह की दिक्कत न हो।उन्होंने कहा कि आवेदन की अंतिम तिथि 14 नवंबर है। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग आवेदन कर सकें।

पुनर्वास केन्द्र में थेरेपी की जानकारी ली

जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में कलेक्टर ने विशेषज्ञों से केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं और दिव्यांगजनों को दी जा रही थैरेपी के बारे में पूछा। निर्देश दिए कि ज्यादा से ज्यादा दिव्यांगजनों को केन्द्र से जोड़ें और शासन की योजनाओं व थेरेपी का लाभ दिलाएं। इसके साथ ही उन्होंने वृद्धाश्रम और नशामुक्ति केन्द्र की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की।

समनापुर की गौशाला में स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने की गोवर्धन पूजा

गोवर्धन पूजा हमारी आस्था, संस्कृति और पुरानी सनातन परंपरा है : राज्यमंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सोमवार को गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट पर्व के अवसर पर बरेली तहसील के ग्राम समनापुर की गौ-शाला में स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के मुख्य आतिथ्य में गोवर्धन पूजा अन्नकूट कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित सिसोनिया एवं जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी एसडीएम बरेली अंकित जैन ने भी सहभागिता की।

इस अवसर पर अतिथियों ने विधि-विधान से गोवर्धन पूजा कर प्रदेश एवं रायसेन जिले की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। साथ ही गायों का पूजन कर उन्हें रोटी गुड़ खिलाया।



स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री पटेल ने इस अवसर पर कहा कि गोवर्धन पूजा हमारी आस्था, संस्कृति और पुरानी सनातन परंपरा है। गौसेवा की समृद्ध परंपरा से जुड़ा पर्व है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रदेशभर में धूमधाम से यह पर्व मनाया जा रहा है ।साथ ही गौ-सेवा और गौ-पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पशुपालकों को सम्मानित किया जा रहा है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने श्रीकृष्ण गौशाला में गाय को खिलाया गुड़ और घास

रायसेन। गोवर्धन पूजा और अन्नकूट पर्व पर सोमवार को कलेक्टर रोहित सिसोनिया वार्ड-1 स्थित श्रीकृष्ण गौशाला नंदन वन नरापुरा पहुंचे। यहां उन्होंने गौ-पूजन कर गोवर्धन पूजा में हिस्सा लिया।



कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने विधि-विधान से गोबर से निर्मित गोवर्धन बाबा की पूजा-अर्चना की। इससे पहले उन्होंने गाय का पूजन कर माथे पर तिलक लगाया और गुड़ व हरी घास खिलाकर गौसेवा की। आरती,पूजन के बाद कलेक्टर श्री सिसोनिया ने गौशाला का भ्रमण किया। उन्होंने गायों के रखरखाव, चारे-पानी और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया और गौशाला संचालकों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

महेश जैन जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष मनोनीत, कार्यकर्ताओं में उत्साह

संगठन के कई महत्वपूर्ण पदों पर निभा चुके हैं जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

कांग्रेस संगठन ने महेश जैन को जिला कांग्रेस सेवादल का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीबी श्रीनिवास ने मप्र सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव की सहमति से औबेदुल्लागंज ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष महेश जैन को यह जिम्मेदारी सौंपी है।

उनकी नियुक्ति से जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। गौरतलब है कि महेश जैन लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय रहकर विभिन्न पदों पर अपनी जिम्मेदारियां निभाते रहे हैं। वे



पूर्व में एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक 20 सूत्रीय कार्यक्रम समिति के सदस्य, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री, जिला कांग्रेस महामंत्री, नगर कांग्रेस महामंत्री और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।नवनियुक्त कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष महेश जैन ने इस जिम्मेदारी के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि वे संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने और कांग्रेस सेवादल की गतिविधियों को जिले में सक्रिय बनाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस पदाधिकारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में जिला कांग्रेस सेवादल संगठनात्मक रूप से और मजबूत होगा।